>

Title: Need to re-start the soil treatment project for maintenance of land fertility in Bharuch Parliamentary Constituency.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच का कुछ हिस्सा समुद्र तटों के साथ जुड़ा हुआ है, जिसमें मेरे क्षेत्र के हाषोठ, वागरा, जम्बोसर एवं अंकलेश्वर के बहुत से गांव हैं जहां पर समुद्र का नमकीन पानी का प्रवेश हो जाता है, जिसके कारण इन इलाकों के गांवों की उपजाऊ भूमि बंजर होती जा रही है। इसके कारण यहां के गरीब किसानों को अपने परिवार के लालन पालन करने में काफी दिक्कत हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए सर्वे भी हुआ है और भारत सरकार ने इन समस्याओं के समाधान के लिए सोयल ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट की शुरूआत 2002 में की थी और हाषोठ इलाके में काम भी हुआ, परन्तु केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के बीच मतभेद के कारण उक्त केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के बीच मतभेद के कारण उक्त काम अधूरा रह गया है जिसके कारण जो काम किया गया था वह भी बेकार हो रहा है और उपजाऊ भूमि दोबारा बंजर बनने लगी है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उक्त प्रोजेक्ट के अधूरे काम को पूरा करने के लिए इस प्रोजेक्ट को चालू करके बंजर हो रही भूमि को शीघ्र रोका जाये।